# 'चँद्रानी पूत की नब्बे कवितायें'

रचयिता

डॉ. उमाशंकर पटैल
एम.एस सी. पीएच. डी. नेट

ॐ



2022

उमाशंकर
25-9-22

# 'चँद्रानी पूत की नव्वे कविताऐं' भाग अ, भाग ब

रचयिता

डॉ. उमाशंकर पटैल
M.Sc., Ph.D., NET, YSF
अतिथ विद्वान वनस्पति विज्ञान,
शोभा सिंह यादव शास. महा.
पाटन
रानी दुर्गावती वि. वि.
जबलपुर
मध्य प्रदेश भारत।

EB

उमाशंकर
25.9.22

संस्करण : नवीन संस्करण (2022).
© कापी राइट : लेखकाधीन।
प्रकाशक : लेखक।
Email : remfungi@gmail.com
Website : drusptelsihundi.in
FB : umashankar_patel2002@yahoo.com
मुद्रक : online. Manuscript.

उमाशंकर
25.9.2022
Dr. उमाशंकर पटेल

ISBN NO. Hindi Part-A :
ISBN NO. English Part-B :

© कापीराइट : लेखकाधीन

Email : remfungi@gmail.com
Website : drvspatelsihundi.in
Facebook : umashankar_patel2002@yahoo.com

मूल्य : 170/- मात्र
संस्करण : नवीन संस्करण
प्रकाशक : गाड फादर प्रिंट सिस्टम
जबलपुर म.प्र.

मुद्रक : गाड फादर प्रिंट सिस्टम,
शाप नं. 13, आर. सी. काम्पलेक्स,
परिजात बिल्डिंग के पास,
दमोह नाका जबलपुर म.प्र.
9425863853, 7974658657,
9425863848, 8839998506.

© कापीराइट : लेखकाधीन. उमाशंकर
25.9.2022

ISBN भाग अ (Hindi) :
ISBN भाग ब (English) :

EB

# प्राक्कथन

इस काव्य संग्रह में कोई भी पद्य किसी व्यक्ति या संप्रदाय पर टिप्पणी नहीं है। प्रायः सभी बात कल्पना पर आधारित है। 'जहाँ ना जाये रवि वहाँ जाये कवि' वाली कहावत चरितार्थ की गई है। मानव समाज के कल्याण हेतु यह काव्य संग्रह रचित किया गया है। भटकते हुए मानव समाज को अध्यात्म की ओर प्रेरित करना इसका मुख्य उद्देश्य है। इसके साथ ही समाज में भाईचारा, प्रेम भावना लाना और नफरत मिटाना है। कुछ पद्यों में मातृशक्ति के प्रति संवेदना तथा चेतावनी बदलते परिवेश में समय की माँग महसूस होती है। इस काव्य संग्रह का उद्देश्य किसी सख्स या संप्रदाय को मानसिक ठेस पहुँचाना कतई नही है। 'राजपाल हिन्दी शब्दकोष' संस्करण 2016 से शब्दों के सात्विक अर्थ देखे गये हैं तथा कुछ स्थानीय शब्दों के पर्यायवाची शब्द इस किताब के अंत में दिये गये हैं। प्रिय पाठक गण प्रत्येक शब्द, पंक्ति तथा पद्य का जनकल्याणकारी अर्थ ही निकालने का कष्ट करें। इस काव्य संग्रह का नकल अधिकार (कापी राइट) लेखक सह प्रकाशक के पास सदा रहेगा।

जबलपुर
दिनाँक : 15-09-2022

रचयिता
उमाशंकर
डॉ. उमाशंकर पटैल

# सूची

| स०क्र० | शीर्षक | पृष्ठ नं० |
|---|---|---|
| | भूमिका / प्राक्कथन | |
| 1. | परिचय। | 1 भाग - अ |
| २. | दफ्तर जाओ। | 2 |
| 3. | रूपया नहीं लगे। | 3 |
| 4. | असली दरिंदा। | 4 |
| 5. | महबूब कहाँ है। | 5 |
| 6. | आँखें। | 6-7 |
| 7. | महाजन। | 8 |
| 8. | छह जन्म इंतजार। | 9 |
| 9. | माँ कौन है? | 10 |
| 10. | सुझाव। | 11-13 |
| 11. | विविधता। | 14 |
| 12. | तरंगें। | 15-17 |
| 13. | दामाद। | 18 |
| 14 | बेरहम। | 19-20 |
| 15. | वालिद का इंतजार। | २1 |
| 16. | सयानी समझ। | २2-२3 |
| 17. | बेदर्द महफिल। | २4 |
| 18. | फल। | २5 |
| 19. | जी लेने दो। | २6-२8 |
| 20. | पंचशील। | २9 |

→ (ii)

उमाशंकर
25.9.22

| स.क्र. | शीर्षक | पृष्ठ क्र. |
|---|---|---|
| 21. | गलत फहमी। | 30 |
| 22. | रानी अवंती बाई। | 31-32 |
| 23. | जननी। | 33 |
| 24. | असली शूद्र। | 34-38 |
| 25. | सजा बिना खता। | 39 |
| 26. | नजर। | 40 |
| 27. | पेड़ लगाओ। | 41-42 |
| 28. | नमस्ते। | 43 |
| 29. | पुष्पांजली। | 44-45 |
| 30. | परमानंद। | 46 |
| 31. | अस्तेय। | 47 |
| 32. | प्रार्थना। | 48 |
| 33. | माँसाब। | 49 |
| 34. | ईश स्मरण। | 50 |
| 35. | हिंदुस्तानी। | 51-52 |
| 36. | रब जाने सब। | 53-54 |
| 37. | लगाम और कोड़ा। | 55 |
| 38. | भारत भूमि अच्छी। | 56-59 |
| 39. | चोर। | 60-62 |
| 40. | रानी दुर्गावती। | 63-64 |
| 41. | दर्द। | 65 |


→ (iii)

उमाशंकर
28-9-22

| स.क्र. | शीर्षक | पृष्ठ नं. |
|---|---|---|
| 42. | भाईचारा । | 66 |
| 43. | सत्यपथ । | 67 |
| 44. | ढीठ पत्नी । | 68 |
| 45. | शाकाहार । | 69 |
| 46. | जीव व आत्मा । | 70-72 |
| 47. | अब मुँह खोलो । | 73-74 |
| 48. | पत्नी प्यारी । | 75-77 |
| 49. | कन्या के पाँच कवच । | 78-81 |
| 50. | कबीर सही । | 82-83 |
| 51. | तब और अब । | 84-87 |
| 52. | बुद्धू बुद्धिमान बनो । | 88-90 |
| 53. | चरणदासी । | 91-95 |
| 54. | बचन । | 96 |
| 55. | इजहार करते । | 97 |
| 56. | सतजन कितने ? | 98 |
| 57. | आहें कराहें । | 99 |
| 58 | माटी काया । | 100 |
| 59. | समझदार सुंदरी । | 101-102 |
| 60. | हरिजन । | 103-104 |
| 61. | स्वतंत्र भारत । | 105-107 |
| 62. | नकेल । | 108 |


→ (v)

आशांकर
25-4-22

| स.क्र. | शीर्षक | पृष्ठ क्र. |
|---|---|---|
| 63. | धोखा। | 109-110 |
| 64. | मत इतरा। | 111- |
| 65. | ईमान। | 112 |
| 66. | चेतावनी की सीख। | 113 |
| | | 114 |
| 67. | चाहत। | 115 |
| 68. | जा रहे हो। | 116 |
| 69. | प्रजातंत्र प्यारा। | 117 |
| 70. | अनुक्रमण। | 118 |
| 71. | दृष्टि। | 119 |
| 72. | मनचले। | 120 |
| 73. | पेट। | 121 |
| 74. | न्याय अन्याय। | 122 |
| | | भाग - ब |
| 75. | An Innocent Tree. | 123-124 |
| 76. | Peace In The World. | 125 |
| 77. | Prayer. | 126-128 |
| 78. | Global Warming. | 129- |
| 79. | My India. | 130-131 |
| 80. | Cheater. | 132-133 |
| 81. | Supreme Justice. | 134-135 |
| 82. | Father's Day | → |

(iv)

उमाशंकर
25-9-22

| स.क्र. | शीर्षक | पृष्ठ क्रमाँक |
|---|---|---|
| 83. | The Woman. | 136 |
| 84. | Deed And Destiny. | 137-138. |
| 85. | Om And God. | 139 |
| 86. | Life Science Says. | 140 |
| 87. | Learn. | 141 |
| 88. | Pain | 142-143 |
| 89. | Pleasure. | 144 |
| 90. | Awake Man. | 145-146 |
| | कुछ शेर। | 147-149 |
| | कुछ पर्यायवाची। | 150-153 |
| | कवि का परिचय। | 154 |
| | क्षमा याचना। | 155 |


उमाशंकर
25.9.22

# परिचय

डॉ. उमाशंकर पटेल उर्फ छुट्टू है मेरा नाम।
जिला कटनी तहसील बहोरीबंद, सिहुँड़ी मेरा ग्राम॥ 1
मध्यप्रदेश भारत भूमि का रहनेवाला मैं हूँ।
एक छोटी सी काव्यकृति प्रस्तुत करता जनकल्याण हेतु॥ 2
मेरी माँ थी चँद्रानी और पिता थे गंगाराम।
परदादा रिखीराम थे ठेकेदार व मालगुजार सुखा ग्राम॥ 3
दादा काशीराम थे कृषक साहूकार छोटा सा व्यापार।
हिसाब के पक्के थे और कड़क था व्यवहार॥ 4
मैंने बाकल से उच्चतर गाँव से प्राथमिक किया।
श्यामसुंदर अग्रवाल महाविद्यालय सिहोरा से स्नातक किया॥ 5
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के जीवविज्ञान विभाग से।
मैंने स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त किया वनस्पति शास्त्र में॥ 6
विद्यावाचस्पति प्राप्त किया रानी दुर्गावती वि. वि. से।
राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा पास विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से॥ 7
जलनेवालों से सावधान कुछ इंसानियत के दुश्मन होते।
समाज का स्वभाव इंसानियत के बैरी शैतान होते॥ 8
चूल्हे में जस लकड़ी जलकर खुद होती राख।
दूसरे से जलनेवाले खुद जलकर हो जाते बर्बाद॥ 9
झूठी बात करके कोई सुखी नहीं हो पाता।
दूसरे को दुखी करनेवाला खुद दुखी हो जाता॥ 10

अंत

8

उमाशंकर
27.07.2022
27.07.2022

# दफ्तर जाओ

दफ्तर समय से जाना समय से आना।
काम चोर हैं आप कहे ना जमाना ॥1
काम चोरी भी चोरी है एक चोरी।
चोर केवल नहीं वह जो चुराये चोरी ॥2
राजतंत्र में करते थे भूखे पेट काम।
प्रजातंत्र में घर में करते हैं आराम ॥3
चोरी दिनारी धोखाधड़ी कहलाते हैं शूद्र काम।
बिना मेहनत की कमाई कहलाती है हराम ॥4
हराम की कमाई खानेवाला हरामी कहा जाये।
हिन्दी शब्दकोष में देखें हरामी का पर्याय ॥5
कोई हरामी ना कहे जल्दी दफ्तर जाओ।
दफ्तर में मेहनत करो मेहनत का लाओ ॥6
मेहनत करने में कभी कभी बहता पसीना।
धोखाधड़ी कामचोरी से जो कमाये वह कमीना ॥7
मेहनत करनेवाला जीता है सदा तानके सीना।
बिना मेहनत का ना खाना ना पीना ॥8
शरीर की ऊर्जा खत्म करो काम में।
थोड़ा बचाओ तो बुढ़ापा कटे आराम में ॥9.
जिस दफ्तर काम करते वह आपका दफ्तर।
प्रजातंत्र में सबका चपराही हो या अफसर ॥10.

7

उमाशंकर
30.9.2022

# रुपया नहीं लगे

काँव काँव कौआ सुन मानुष का सर दर्द करे।
कोयल की कुहू कुहू सर दर्द को दूर करे ॥1
मीठा या कड़ुआ बोल बँदे कोई रुपया नहीं लगे।
ऐसा ना बोल बँदे इंसा का दिल दर्द करे ॥2
मीठी बोली से कुकर भी पुँछ हिलाते आ जायें।
कड़वी बोली से सभी प्राणी निराश हो दूर जायें ॥3
कोई ले ले करे तो गायें दौड़ी चली आयें।
हट हट करें तो गायों के चेहरे मुरझा जायें ॥4
कश्मीर में बर्फ गिरे और उत्तर की बयार चले।
कश्मीर की शीत लहर मानुष तन को शीतल करे ॥5
जस हजार मील तक हिम मानुष को शीतलता दे।
तस हजार जन तक की मीठी वाणी व्याकुलता हरे ॥6
व्याकुल तन नरक सम घावहीन दर्द नरक के पाये।
कड़वी वाणी ऐसा काटे घाव कभी भर ना पाये ॥7
मीठी चाकू का विष मन से कभी उतर ना पाये।
अंदर बाहर हलाल करदे किसी को दिख ना पाये ॥8
मीठा मीठा में अँतर चतुर जन वही जो समझे।
ना समझे तो मछली जैसा काँटा में जा फँसे ॥9
अति मीठी अति कड़वी दोनों बोली हानि का संकेत।
एक से दिल टूटे एक भेजा में करे छेद ॥10

9

17.8.2021

# असली दरिंदा

कुछ लोग खुद दरिंदा दूसरों को दरिंदा कहते हैं।
चोर चोर मौसेरे भाई दावत में साथ दिखते हैं॥1

शराफत का पद कपड़ा पहन दरिंदे लफड़ा करते हैं।
अकल के भेड़िये बातों में मलाई चुपड़ा करते हैं॥2

शरीफों पर कीचड़ उछाल खुद शरीफ बना करते हैं।
झूठी शराफत दिखा सज्जन लोगों को ठगा करते हैं॥3

जब तक लोग समझ पायें काम निकाल लेते हैं।
आडम्बर या मजबूरी बता लोगों को धोखा देते हैं॥4

धोखा करना इनका उसूल बातों से महात्मा लगते हैं।
जादू टोना का सहारा ले सत्य को कुचलते हैं॥5

शादी का आश्वासन दे कन्याओं से कुकर्म करते हैं।
बेहोशी की दवा सुंघाकर युवाओं से कुकर्म करते हैं॥6

दरिंदा दरिंदगी खूब करते और बदनामी से डरते हैं।
अचरज की बात मंच पर स्वागत माला पहनते हैं॥7

चोर चापलूस लोग दरिंदो साथ अपनी फोटो खिंचवाते हैं।
समाचार पत्र में रुपिया देकर अपनी फोटो छपवाते हैं॥8

कान के कच्चे लोग इनका ही आदर करते हैं।
समाज में अपराध बढ़ता लोग विश्लेषण नहीं करते हैं॥9

कोई किसी को बद कहता दिमाक नहीं लगाते हैं।
मीठे रिस्ते इतने प्यारे हाँ में हाँ करते हैं॥10

इसलिए समाज में दिन पे दिन दरिंदा बढ़ते हैं।
दो साल के बालक बालिका से दरिंदगी करते हैं॥11

25.04.2022.

# महबूबा कहाँ है?

कोई बता दे मेरी महबूबा कहाँ है।
पा लूँगा उसे नहीं बड़ा जहाँ है॥

पूछती होगी सबसे मेरा महबूब कहाँ है।
नहीं जानकारी उसे उसका हमदर्द यहाँ है॥

बहुत व्याकुल होगी मेरा महबूब कैसा है।
उसका हाल वही होगा यहाँ जैसा है॥

जस मीन जमीन तड़पती पानी के लिए।
महबूबकी नजरें तरसती अपनी के लिए॥

मरु में मृग नयना तरसें नीर को।
बिरहा ही जाने कोई मेरे पीर को॥

थक गई आँखें उसकी राह देखते देखते।
लब भी थके उसकी जगह पूछते पूछते॥

प्यार पथ देख रहा अपने प्यार का।
दो अनजान सदा मानेंगे अहसान बयार का॥

बयार बता दो मेरी महबूबा कहाँ है।
उसको पता दो उसका महबूब यहाँ है॥

बेचैन दिल यहाँ बेचैन दिल वहाँ है।
दोनों को पता नहीं हमदर्द कहाँ है॥

24-04-2022.
Ushaty

# आँखे



दायें बायें ऊपर नीचे आँखे जो घुमायें ।
जानिये उत्तर दक्षिण पूर्व पश्चिम दिशा आयें ॥1
यदि एक आँख दबाकर जो कोई मुस्कुराये ।
कूट भाषा में इश्क की कोशिश आये ॥2
मुँह से बोले हाँ आँख हिलाए ना ।
मुख से बोले ना आँख दबाए हाँ ॥3
जब जानो आँखें मिलाकर एक आँख दबाये ।
लड़का लड़की पटाये ना तो जूता खाये ॥4
हिम्मत ना हो मुँह से बोलने की ।
तब आँखें करें बात आपके मन की ॥5
पलकें काम करती ओंठों का बात करतीं ।
भीड़ में बाते होतीं आवाजें नहीं होतीं ॥6
इशारा बातें करतीं कानों का चकमा देतीं ।
लोगों को कभी खुशी कभी सदमा देतीं ॥7
दो और दो मिलकर दो हो जातीं ।
दो दिल एक बातें नहीं हो पातीं ॥8
यदा कदा मन की गुस्सा साफ दिखातीं ।
इशारे पर गोली चलवातीं या गला कटवातीं ॥9
आँखों से टकराकर तोड़ती लोगों का दिल ।
कहीं चाकू कहीं लाठी चलवातीं अपरोक्ष कातिल ॥10

उमाशंकर →2

कहीं नीली कहीं भूरी कहीं काली हैं।
जीभ से भी ज्यादा दिल तोड़नेवाली हैं॥1॥
कहीं चार से दो हो दिल मिलानेवाली।
कहीं चाँद सी शीतल कहीं चँचल नखरेवाली॥2
बचपन में आशा निराशा दिखानेवाली होती हैं।
युवास्था में चतुर चँचल मतवाली होती हैं॥3
दिल को तरंगों से दर्द देनेवाली हैं।
परे से जीभ जस जख्म देनेवाली हैं॥4
दिल के दर्द को नीरे से निकालनेवाली।
धनु बिनु सजन अजन पर तीर चलानेवाली॥5
कभी जख्म देने कभी जख्म भरने वाली हैं।
इशारों से काम बिगाड़ने व बनानेवाली हैं॥6
कभी रोने कभी हँसने कभी बोलनेवाली हैं।
कहीं नीली कहीं भूरी कहीं काली हैं॥7

7

उमाशंकर
10.10.2021

# महाजन

8

जब धन आता है हर जन इतराता है।
समभाव जो जन रहता वह महाजन कहलाता है॥1
महा बहुत बड़ा होता जस महासागर होता है।
महाजन महासागर जस जन सागर जस होता है॥2
महाजन इमान के पक्के अस्तेय माननेवाले जन हैं।
केवल धनी महाजन नहीं कुछ महाजन निर्धन हैं॥3
धनी महाजन का पर्याय नहीं धनवान होता है।
अनिश्चय धनी का धन ईमान का होता है॥4
धारावाहिक दृश्य दिखाते भारी काया होती खलनायक की।
महाजन वही कमाय खाय बचाय अस्तेय ईमान की॥5
आमजन से हर गुण में बड़ा जो जन।
इस धरा पर रूप कुरूप वही है महाजन॥6
देखन महाजन जो जन जानें जायें एक गली।
गुजरें विजय वस्त्रालय के बगल से जानेवाली गली॥7
एक छोटी सी कपड़ा की दुकान मालिक वही।
एक जैन जन छोटी काया माया महाजन वही॥8
अच्छा बोले अच्छा तौले हिसाब करे पूरा पूरा।
आपकी सोने की सिल्ली उसके लिए है धूरा॥9

8

उमाशंकर
23.8.2021

# छह जन्म इंतजार

जग में खोजा आपको आप मिले नहीं।
भाग से हारा मैं आपसे सिकवे नहीं॥1
रब चाहता था जुदाई एक हुए नहीं।
छह जन्म बाद मिलेंगे कोई सिकवे नहीं॥2
रब की मर्जी चले हमारी चले नहीं।
अपनों ने हमें मिलने नहीं दिए पराये नहीं॥3
इश्क का जख्म ऐसा जिसका उपचार नहीं।
जो कुछ दिन में भूले प्यार नहीं॥4
काया को जाति माया रोके बयार नहीं।
दूरी से जो घटे परम प्यार नहीं॥5
आपका प्यार हमारा आपका तन हमार नहीं।
पहला प्यार कोई भूलता मुझे इतबार नहीं॥6
जस अमर आत्मा जग में प्यार हमारा।
छह जन्म तक दिल करेगा इंतजार तुम्हारा॥7
छः जन्म कटेंगे तनहाई इंतजार इंतजार में।
सातवें जन्म मिलेंगें डूबेंगे अपने प्यार में॥8
धूप में दिखते आप दिखते अँधकार में।
छह जन्म कटेंगे आपकी याद इंतजार में॥9
एक जन्म को बँधना हर बार में।
मुझसे मिलना प्यार पाना सातवीं बार में॥10
छह जन्म ना निकालना किसी तकरार में।
प्यार प्यार में अंतर प्यारे सँसार में॥11
जहाँ हो सुखी रहो फरेबी सँसार में।
मुझसे मीठा प्यार नहीं मिलेगा संसार में॥12

उमाशंकर
17.7.2020

# माँ कौन है ?



माँ वह काया है जो नौ माह अपना खून पिलाती है।
माँ वह साया है जो अठारह माह अपना दूध पिलाती है॥1
माँ वह उपकारी है जो अड़तालिस माह मल मूत्र धोती है।
माँ वह त्यागी है जो खुद भूखी रह भूख मिटाती है॥2
माँ वह ममता है जो रोने पर दौड़ी चली आती है।
माँ वह मानिता है जो कुल काया की मालिस करती है॥3
माँ वह साया है जो सब संकटों से संरक्षित करती है।
माँ वह सूम है जो उदर काटकर कुछ बचाकर रखती है॥4
माँ वह दयाकाया है जो सदा माफ करती रहती है।
स्वसंतान के न्याय अन्याय को अपना भाग्य समझ सहती रहती है॥5
इक गर्भनिरोधक खाने से भावी काया खेत नाली में होती है।
माँ बड़ी दयालू होती है जो नौ माह पेट में ढोती है॥6
काम का बोझ साथ में संतान को भी ढोती रहती है।
पतित पति पीटे तो संतान के खातिर खुद पिटती रहती है॥7
माँ ही है जो इतना सब जग जीवन में सहती है।
जीवन के कष्ट भूल खुश रहो बेटा अंतकाल में कहती है॥8
जन्म दे ब्रह्मा दूध पिला विष्णु गुण दुर्गुण सिखा शंकर है।
माँ की सेवा स्वर्ग जाने का सबसे सरल सस्ता मंतर है॥9
माँ आशीश से दुर्योधन हुआ फौलाद ध्रुव चमकते उत्तर आसमाँ में।
ब्रह्मा विष्णु महेश तीनों से बड़ी माँ है इस जहाँ में॥10.

॥

उमाशंकर
9.8.2021

# सुझाव

6

जिसकी जितनी आबादी है वतन में।
उसकी उतनी हिस्सेदारी नौकरी शासन में॥ 1
क्यों कोई किसी का हिस्सा खाये।
हर कोई अपने हिस्से का खाये॥ 2
भाईचारा बना रहे सबके मन में।
सदा अमन रहे हमारे वतन में॥ 3
प्रतिस्पर्धा के साथ सहयोग करते रहें।
विकास प्रेमभाव के साथ करते रहें॥ 4
हम दो हमारे दो का नारा।
विकास का आदर्श सदा रहे हमारा॥ 5
जो ज्यादा संतान बढ़ाये देश में।
देशनिकाला देदो उसको जाये परदेश में॥ 6
उससे बोलो दो एकड़ जमीन बनाये।
संतान जैसे भारत का क्षेत्रफल बढ़ाये॥ 7
देश क्षेत्रफल नहीं बढ़ा सकते आप।
तो संतान नहीं बढ़ा सकते आप॥ 8
स्थिर भूमि स्थिर आबादी देश में।
नौकरी खातिर ना जायें परदेश में॥ 9
आरक्षण खत्म करना पड़ेगा देश में।
आनुपातिक प्रतिनिधित्व लाना पड़ेगा देश में॥ 10
अन्यथा कुछ बनेंगे जयचँद देश में।
फिर विदेशी शासन करेंगे देश में॥ 11

→ 2

उमाशंकर
07.07.2021

खून बहेगा हिंदुओं का हिंदुस्तान में।
उथल पुथल होगी जैसे अफगानिस्तान में॥12
चार वर्ण मानों चार-चक्का गाड़ी।
एक चक्का पंचर नहीं बढ़े गाड़ी॥13
सनातन परंपरा ऐसी थी देश हमारे।
कर्म आधारित थे चार वर्ण न्यारे॥14
एक स्तर में गाड़ी के चक्का।
ना कोई ऊँचा ना कोई नीचा॥15
ईश्वर ने सबको मानुष बनाया है।
ऊँच नीच जाति हमने बनाया है॥16
भूमि सहनहीन भार बढ़ी आबादी का।
जनसंख्या वृद्धि कारण बनेगी बर्बादी का॥17
सभी मुल्कों में गुण्डा पुलिस जेल।
अशोक औरंगजेब भाइयों को किया ढेर॥18
अपना अपनों को मारे समय आये।
जग अपना जानो यही उचित आये॥19
अपना कमाना अपना खाना नीति आये।
दूसरों का हक खाये अन्याय कहाये॥20
जितनी आबादी उतना हिस्सा शासन में।
मात्र राह अमन की वतन में॥21
गृहयुद्ध से बचाना चाहें देश को।
जिसका जितना हिस्सा दे दो उसको॥22

उमाशंकर ——>3

आज नहीं तो कल माँग उठेगी।
नहीं माने तो भारतभूमि फिर बँटेगी ॥23

मातृभूमि का बँटवारा फिर ना हो।
जिसका जितना हिस्सा उसको दे दो ॥24

भारत देश में शोषण ना हो।
बाँटकर खाओ हम दो हमारे दो ॥25

अन्न की कमी नहीं होने पायेगी।
स्थिर भूमि स्थिर आबादी नीति आयेगी ॥26

हिन्दू देश नेपाल गुण्डा पुलिस जैल।
मुस्लिम देश ईराक गुण्डा पुलिस जैल ॥27

हर देश में गुण्डा पुलिस जैल।
इंसान शैतान बनाये खुदा का खेल ॥28

यत्न करें प्रेम से रहने की।
कोशिश करें कुछ कड़ुआ सहने की ॥29

कमाना खाना संतान पालना सबका काम।
अंत में सबको जाना राम धाम ॥30

बहू जश्न मनायेगी आपके जाने पर।
यह प्रथा लागू होती जमाने पर ॥31.

6

उमाशंकर
24.7.2024

# विविधता

जिसके मन में जो अाया वह कहता गया ।
निर्दोष होने पर भी मैं चुप सहता गया ॥1
दीन हीन किसी का कुछ कर नहीं सकता।
खुदा पर छोड़ा सब भरोषा छोड़ नहीं सकता ॥2
जलनेवालों ने खूब जलाया मैं जल ना पाया।
वे बन गये होलिका मैं प्रह्लाद बन गया ॥3
मानसिक रूप से लोगों ने मुझे तोड़ना चाहा।
मेरे अपने थे जो उनने मुझे छोड़ना चाहा ॥4
मैं जब अकेला हुआ यारों को याद किया।
कुछ ने उपहास किया कुछ ने साथ दिया ॥5
इंसान अभी रहते समाज में किन्तु कम हैं।
इंसाफ का साथ वही देते जिनमें दम है ॥6
कुछ सखा बने दगाबाज फिर खूब किया दगा।
कुछ इंसान आये आगे मदद कर किया भला ॥7
दर्द देनेवाले बहुत मिले मुझे मेरी महफिल में।
तो दर्द का घर बना लिया दिल में ॥8
दवा दुआ देनेवाले भी कुछ हैं जहाँ में।
बस जाना पड़ा मुझे खुदा की पनाह में ॥9
यकीनन इंसाफ करते कुछ फरिस्ते इस समाज में।
खुदा भी इंसाफ करेंगे जीता इसी आश में ॥10
मुझे इंसाफ कल मिलेगा परेशान हूँ आज में।
विविधता में जीना पड़ेगा विविधता है समाज में ॥11
विविध प्रकार के पौधे व जन्तु हैं यहाँ।
कुछ भोगते स्वर्ग व कुछ भोगते नरक यहाँ ॥12

उमाशंकर
12-08-2021

# तरंगे



खुदा ने नहीं कहा किसी को दर्द दो।
अपने दर्द जैसा समझो दूसरे के दर्द को॥ 1
तरंगो से रब देखता हमारे सब कर्मों को।
देखता है परमाणु में इलेक्ट्रान के चक्रों को॥2
जो विचार उठते हैं मानव के मन में।
वे चले जाते हैं कंपन से पवन में॥3
सदा पवन की तरंगे पहुँचती हैं रब तक।
खुदा की सदा पहुँच है हमारे मन तक॥4
हमारे पूर्व कर्मों से परिस्थिति बनती वातावरण में।
कर्मफल मिलते हैं इस या भावी जीवन में॥ 5
कर्म का फल प्रकृति की स्वाभाविक प्रक्रिया है।
विज्ञान की भाषा में क्रिया की प्रतिक्रिया है॥6
परमशक्ति एक ही है ईश्वर कहो या खुदा।
सुन लेती है कुछ भी मन में सोचा॥7
हवा से नहीं बच सकते यदि चाहते जीवन।
खुदा जानता तरंगों से तरंगे ही हैं पवन॥8
कुछ छिपा नहीं खुदा से इस जहाँ में।
सब जानता कर्म करो बाहर या घर में॥9
कर्म की तरंगें बनती अँधेरे और उजेरे में।
डरना ना तुम रहते परमात्मा के घेरे में॥ 10
जग में सब है तरंगों तरंगों का खेल।
देखते लंदन में हो रहा क्रिकेट का खेल॥ 11

8 → 2

उमाशंकर
10-10-2021

जबलपुर में बैठे आप सुन देख लेते हैं।
तस रब सब हमरे कर्म देख लेते हैं॥ 12
कर्म खुद और खुदा से कभी नहीं छिपता।
हम आँख खोल देखते वह आँख मूँद देखता॥ 13
परमात्मा सदा कदा फल देता है देर से।
कर्मफल मिलने में अँधेर नहीं होता देर है॥ 14
तरंगें वह भी बनता जो मुँह से बोलते।
तरंगे बनती हैं जब हमारे हाथ पाँव डोलते॥ 15
मन वाचा कर कर्म तरंगें बनती हैं सबसे।
रब जानता जन्म जीवन का अंत तरंगों से॥ 16
एक पल ओझल नहीं हो सकते रब से।
रब जानता जो हम छिपा रहे सब से॥ 17
मंदिर के भीतर व मँदिर के बाहर की।
खबर रखता है आसमाँ पाताल व धरा की॥ 18
कुछ नहीं छिपता रब से इस जहाँ में।
समझ रहते पहुँचो बंदे खुदा की पनाँह में॥ 19
हमारी आत्मा का परमात्मा से सीधा संबंध है।
तीसरे को बीच में जो लाता अँधा है॥ 20
मन में सोचने बोलने कर से कर्म करने।
मानुष के सभी कर्मों से बनती हैं तरंगें॥ 21
खुदा को सब खबर देती हैं ये तरंगें।
कर्मफल लेकर फिर लौटती हैं ये तरंगें॥ 22
आपकी अंकसूची के अँक कोई नहीं बदल सकता।
इसी तरह आपके कर्मफल कोई नहीं बदल सकता॥ 23

उमाशंकर ← 8 → 3
10·10·21

जो कोई अंकसूची के अँकों में हेरफेर करें।
हेरफेर करने कराने वाले दोनों जेल में सड़ें॥ 24
मानुष छोड़ दूसरी योनि में भी जा सकते।
आपने देखा कैसे ठण्डे खाते रोड के कुत्ते॥ 25
कोई आपको उल्लू नहीं बनाता आप खुद बनते।
कष्ट का स्वागत करें अपना कर्मफल समझ के॥ 26
सबका अपना दिमाग सबके अपने तर्क होते हैं।
उचित अनुचित लगे जब कर्मफल खराब होते हैं॥ 27
चुगलखोर होती हैं तरंगे खुदा को सब बताती।
जहाँ पर कोई कर्म होता वहाँ पर बन जातीं॥ 28
तरंगें खुदा की बहुत ही वफादार होती हैं।
जग की हर खबर खुदा को बताती हैं॥ 29
तरंगों से ऊष्मा तरँगो से खबर आती जाती।
गलत काम करनेवालों की आत्मायें सदा हैं पछताती॥ 30.
तरँगें किसी की सगी नहीं चुगलखोरी उनका काम।
भलाई है बंदे अपना खाओ अपना करो काम॥ 31.

8

उमाशंकर 10
10.10.21

# दामाद

जब तक दामाद की पैर पूजा नहीं होगी बंद।
तब तक समाज में कन्या हत्या नहीं होगी बंद॥ 1
माँ बाप की उम्र की सास से पैर धुलवाते।
इनको तनिक भी लाज ना आती कलयुग के शहजादे॥ 2
माँ बाप को झुकाने से अच्छा अंजनी बन जायें।
टेस्ट ट्यूब पद्धति से समाज में हनुमान जी लायें॥ 3
दहेज के बदले एक कमरा लड़की को दे दें।
अकेले जीना चाहती है तो घर में जीने दें॥ 4
कुल का कलंक ना बने तो लड़की भली।
मदिरा पीकर लड़के बुढ़ापे में सुनाते गाली खरी खरी॥ 5
घर समाज दोनों महँके ना चढ़ें दहेज की बलि।
दामाद की पैर पूजा छोड़ें सही हो जायेंगे खलि॥ 6
लोग सभ्य समाज में क्यों झुकाते लड़की पक्षवाले को।
स्वंवर करें लड़की चुनले अपने दिल दिलवाले को॥ 7
प्रेम आदर वफाई से हो दो परिवारों में सगाई।
राधा कृष्ण जस जीवन जियें जीवन में लोग लुगाई॥ 8
प्रेम रस में अस मिलें जस क्षीर और नीर।
अपना परया भूलकर जानें दोनों एक दूजे की पीर॥ 9
बेवफा को स्वर्ग तो दूर नरक भी नहीं मिलता।
उनकी आत्मा भटकती रहती जस घड़ी का लोलक हिलता॥ 10
बफाई का एक शब्द सागर सकून देने के लिए।
मेहनत का एक कमरा ... किला जीवन जीने के लिए॥ 11
दहेज की कोई जरूरत नहीं दुल्हन दे रहे पालकर।
आपके लिए अठारह साल तक पाला पोषा रखा संभालकर॥ 12
दूल्हे को भी दुल्हन की जरूरत जानते हैं आप।
दहेज माँगनेवालों को दुल्हन के साथ मिलती है श्राप॥ 13

उमाशंकर
11.11.2021

# बेरहम



बेरहम दर्द देनेवाले अब दवा क्यों बताते नहीं।
सनम सिवा संसार के सब अब सुहाते नहीं॥ 1
आशिकी का दर्द आशिक जाने पर बताते नहीं।
अपने आशिक को आप सम लोग रुलाते नहीं॥ 2
अपने से कोई किसी का आशिक होता नहीं।
आशिक बनानेवाला बंदा कभी अमन से सोता नहीं॥ 3
मुझे गम देनेवाले अब कभी क्यों हँसाते नहीं।
बेरहम दर्द देनेवाले अब दवा क्यों बताते नहीं॥ 4
पियक्कड़ पिला मदिरा मजदूरों को नचाते कभी कभी।
अपना आशिक बना बेकसूरों को नाउम्र रुलाते नहीं॥ 5
आपने ऐसा किया क्या हमें आशिक बना लिया।
सम्मोहन मुझ पर चलाया या मोहिनी खिला दिया॥ 6
बैरी को भी बैरी इस तरह सताते नहीं।
बेरहम दर्द देनेवाले अब दवा क्यों बताते नहीं॥ 7
दया होगी आपकी अगर दवा दे दें भूलने की।
आपको भुलाना चाहूँ भुला ना सकूँ तो भी॥ 8
खता हमारे नयनों की सजा दिल को मिली।
दर्द मेरे दिल में मजा महफिल को मिली॥ 9
जहाँ बोले मुझसे आपसे मेरा कोई वास्ता नहीं।
आपको दिल से कैसे निकालूँ कोई रास्ता नहीं॥ 10
दिल की आँहें सुन दिवालें भी रोने लगीं।
आशिक की आह सुन समाज भी हँसने लगी॥ 11
चाहूँ तो खिले जख्म को दिखा नहीं पाऊँ।
चाहूँ तो दर्द को छिपाना छिपा नहीं पाऊँ॥ 12

उमाशंकर
10.12.2021

8 →

देखूँ तो परी भी अब मुझे डसने लगीं।
दशा होगी आपकी अगर दवा दे दें भूलने की॥13
आपकी दुआ ही दवा का काम भी करेगी।
दवा बिना तो अब रूह भी आँह भरेगी॥ 14
महफिल के मजनूँ मिलकर पी लेते हैं मधु।
मधुप्रिय आखिको की आखिकी हो जाती है रफू॥ 15
मुझे देख मधु की बोतलें करने लगी गुफ्तगू।
आखिक आ रहा है मैं खुदा की तू॥ 16
पीकर मैं झूमों नकल करें बोतलें मधु की।
दशा होगी आपकी अगर दवा दे दें भूलने की॥ 17
सनम सिवा संसार के लोग अब सुहाते नहीं।
बेरहम दर्द देनेवाले अब दवा क्यों बताते नहीं॥ 18

8

उमाशंकर
10.12.2021.

# वालिद का इंतजार 21

ना जाने कितने मासूम हैं जो वालिद का इँतजार करते रह गये।
वालिद आयेंगे पर वे तो सीमा पर शहीद हो गये ॥ 1
कुछ की तो गोद भी नहीं भरी सिंदूर चले गये।
वे शौहर का इंतजार करती रहीं शौहर शहीद हो गये ॥ 2
ईमान की कमाई से हमारे पूतों के पेट नहीं भरते।
इसलिए कुछ नासमझ लोग हमारे वतन के बेइमान हो गये ॥ 3
हम देते दान व बेरोजगार भत्ता कामचोर बनाने के लिये।
बहुत बंजर भूमि है मुल्क में रोजगार देने के लिये ॥ 4
छोटी पगार में तैयार रहते जवान जान गवाने के लिए।
दफ्तरों में हमें हमारे लोग सताते घूस खाने के लिए ॥ 5
तैयार हो जाओ वतन के लोगों को जगाने के लिए।
मंदिर मस्जिद विवाद बंद वतन में अमन लाने के लिए ॥ 6
कोई इंतजार कर रहे वतन को गुलाम बनाने के लिए।
मुस्लिम मुल्क का रक्षक है प्रजातंत्र को बचाने के लिए ॥ 7
युद्धकक्षा की जानकारी दिया पाण्डे ने मुल्क मिटाने के लिये।
शहीद हुये थे हामिद भी पाकिस्तान को हराने के लिये ॥ 8
सभी देशों में पुलिस है अपराधियों को पकड़ने के लिए।
सभी देशों में शैतान हैं इंसानों को सताने के लिए ॥ 9
मानवधर्म की पताका इँतजार कर रही इंसानियत बचाने के लिए।
दूसरे का दर्द जाने अपने जैसा इंसानियत लाने के लिए ॥ 10
ईमान की नमक रोटी चाहिये मन में अमन के लिये।
भारत भूमि इंतजार कर रही कुछ कुर्बानी वतन के लिये ॥ 11.
सुभाष ने सुख छोड़ा अपने वतन में अमन के लिए।
भगत फाँसी चढ़े आमजन को जुल्मों से बचाने के लिए ॥ 12
प्रजातंत्र को खोखला कर रहे गद्दार प्रजातंत्र मिटाने के लिये।
मंदिर मस्जिद छोड़ समाज में ईमान लायें मासूमों के लिये ॥ 13

अमरसिंह
12.12.2021

# सयानी समझ

6

कपड़ों से कोई महात्मा नहीं होता ।
सामान्यतया कपड़ों के अंदर झूठ होता ॥ 1
कपड़ों के रंग पर मत जाना ।
मीठी वाणी में ना फँस जाना ॥ 2
रब राह दिखायेगा ध्यान लगा देख ।
खुदा मदद करता काज करें नेक ॥ 3
दो नाव पर साथ चलनेवाला बंदा ।
बह जाता है दरिया की धारा ॥ 4
पहले छोड़ो आनँद तब मिलेगा परमानँद ।
सँभोग में आनंद समाधि में परमानँद ॥ 5
ईमान का कमाओ ईमान का खाओ ।
धरा पर स्वर्ग सा सकून पाओ ॥ 6
शकून यहाँ मिले परलोक क्यों जाओ ?
अपना घर अपना अब समझ जाओ ॥ 7
अपना मुल्क अपना परमुल्क ना जाओ ।
अपने वतन में कमाओ और खाओ ॥ 8
न्याय को अपना बनाओ न्यायवादी अपने ।
कहावत है पराधीन सुख नाहीं सपने ॥ 9
स्वर्ग में राजा इंद्र का राज ।
चाहता नहीं भोजन देगा बिन काज ॥ 10
यहाँ स्वतंत्र देश के स्वतंत्र जन ।
स्वर्ग में इंद्र राजा के जन ॥ 11

अभासिंह 13.8.2021 → 6 → 2
जन = लोग, प्रजा.

सुख मिले श्रम और सम्पत्ति से।
श्रम की सम्पत्ति बचाती विपत्ति से॥ 12
अगर जीवन में कोई विपत्ति नाहीं।
स्वर्ग सम सुख मह जग माहीं॥ 13
सहयोग देकर सहयोग लेकर आगे बढ़ें।
गलत नहीं करें कभी नहीं डरें॥ 14
सबका साथ सबका विकास सबका नारा।
सबके साथ विकास करे भारत हमारा॥ 15
सुख के बाँटे सुख आता है।
दुख के बाँटे दुख पाता है॥ 16
कर भला हो भला बात है।
पहले मानुष फिर जात पात है॥ 17.
गलत गलत है सभी छिपाते हैं।
कहीं करें खुद्दा जान जाते हैं॥ 18
जो आम का पौधा लगाते हैं।
वो आम का फल खाते हैं॥ 19
जो इमली का पौध लगाते हैं।
वे इमली का फल पाते हैं॥ 20
आम पंद्रह साल में फल देता।
टमाटर एक माह में फल देता॥ २।
जल्दी देर से फल मिलता जरूर।
गलत दौड़ सही काम करें हुजूर॥ 22

---



उमाशंकर
13-8-2021

# बेदर्द महफिल

दर्द कितना हो रहा है ये ना पूछो मुझसे।
दर्द बयाँ ना कर सकूँ मैं कलम मुँह से॥ 1

दवा दे ना दे और दर्द ना दे मुझे।
हे खुदा कोई ऐसा साथी जमीं पर भेज दे॥ 2

दर्द ना होता अगर खंजर सीने पर मारा होता।
जालिम जहाँ ने पीठ पर मारा मुझे देकर भरोसा॥ 3

दिले जख्म दगा का तो है बहुत गहराई में।
दिखाना भी चाहूँ तो दिखा ना सकूँ भाई मैं॥ 4

दर्द और दुख दोनों साथ हो गये जख्म में।
अगर भुलाना भी चाहूँ तो भुला ना सकूँ मैं॥ 5

न्याय के लिये बोला न्याय के लिये लड़ा मैं।
जुल्मियों की महफिल में जुल्म सुना ना सका मैं॥ 6

दर्द इतना है कहना है मुश्किल सहना है मुश्किल।
सुनकर ठहाके लगायेगी महफिल बड़ी बेदर्द है ये महफिल॥ 7

नाइंसाफी करनेवाले को मंच में माला पहनाती है महफिल।
बढ़ता है जुल्म जहाँ में जब सहती है महफिल॥ 8

कम लोग हैं इस महफिल में पीर पराई जानते।
जो पीर पराई जाने पीड़ित उसे अपना हमदर्द मानते॥ 9

ये बेदर्द महफिल हँसे किसी दुखी के रोने में।
महफिल को मालूम नहीं कितना दर्द होता दिल में॥ 10

कुछ दर्द ताउम्र रहेंगे कुछ मिटेंगे कुछ महीने में।
दुख ना जुड़ता दर्द से. मारते खंजर सीने में॥ 11

बेदर्द महफिल ठहाके लगाती किसी दुखी के रोने पर।
दीन क्यों सताये जा रहे प्रजातंत्र के होने पर॥ 12

9

उमाशंकर
3·3·2022

# फल 8

पापी को जो तू मारे खुश होयें जगदीश ।
लाखों पापी खुद मारे इस जहाँ में ईश ।। 1
पापी तो पापी नहीं जाति पंथ का भेद ।
नहीं ब्रह्महत्या ब्राह्मण भी योनिजन्मा कर सकते ढेर ।। 2
भारत के सत्वादी ब्राह्मण कहते जलाओ रावण को ।
पूजा होती राम की जिसने मारा ब्राह्मण को ।। 3
हम सब छोड़ेंगे जहाँ यहाँ सच सदा रहेगा ।
पापी पंडित मारना पुण्य है भारत सदा कहेगा ।। 4
राम किया उत्तम काम रावण को दिया मार ।
इस कारण भगवान हो गया अयोध्या का राजकुमार ।। 5
भविष्य रहेगा तभी इंसाफ का साथ दो भारतीयो ।
वंश पंथ से बाहर निकलो इंसाफ के सारथियो ।। 6
न्याय करोगे सबके साथ पुण्य आत्मा से जोड़ोगे ।
संसय नहीं आज नहीं तो कल सुख भोगोगे ।। 7
शूद्र नहीं कोई खून जाति पंथ संसार में ।
आत्मा शूद्र होती जस रावण रिसी परवार में ।। 8
शूद्र रावण का सहोदर विभीषण नेक दिल इंसान ।
साथ दिया सत्य का गले मिले राम भगवान ।। 9
पाप का साथ दिया द्रोण जानता है संसार ।
कृष्ण अर्जुन से बोले सामने द्रोण हैं मार ।। 10
गुरु द्रोण भी ब्राह्मण थे मर्यादा को तोड़ा ।
अर्जुन ने गुरु द्रोण को भी नहीं छोड़ा ।। 11
भगवान ने मारा बोला मारो पापी पंडित को ।
हर नर को मारो जिसकी मर्यादा खंडित हो ।। 12.
हमारा भारत ऐसा हो जिसमें मर्यादा मंडित हो ।
मर्यादाहीन हर नर को मारो चाहे पंडित हो ।। 13.

8

उमाशंकर
09.9.2021

# जी लेने दो



6

यारो मुझे प्याला पी लेने दो,
पी लेने दो पी लेने दो । 1

यारो मुझे जरा जी लेने दो,
जी लेने दो जी लेने दो ॥ 2

मैंने स्वर्ग जाने का विचार किया,
लोगों ने जीवन नरक बना दिया । 3

अब नरक की लत लग गई,
नरक में मेरी जमात बन गई । 4

धोखेबाजों ने अपना बना धोखा दिया,
स्वर्ग को मेरा शत्रु बना दिया । 5

बैरी घर से अच्छा अपना घर आये,
तो बैरी के यहाँ कौन जाये । 6

नरक में जीता जी लेने दो,
यारो नरक में जी लेने दो । 7

यारो मुझे जरा जी लेने दो, जी लेने दो । 8
जी लेने दो जी लेने दो

रम पियो या गम पियो एक,
पीने के बाद नहीं रहता भेद । 9

मैंने तो कभी भेद किया नहीं,
अपना बनाकर फिर धोखा दिया नहीं । 10

शरीर दोनों में झूम जाये प्यारे,
झूमने को मजबूर किये मेरे गद्दारे । 11

⟶ उमाशंकर
6 07.9.2021

गद्दारी का फल तुमको रब देगा,
जितना तुमने किया उतना सब देगा। 12

दगा देकर दोस्ती का ढोंग करते,
यारों के जीवन का चैन हरते। 13

रब तुम्हें बेचैन जीवन सदा देगा,
तुमको भी कोई ऐसा दगा देगा। 14

नरक में ही मैं रम गया,
दगाबाजों के साथ बस गया। 15

यारो रम मुझे पी लेने दो,
दगाबाजों के साथ जी लेने दो। 16

यारो मुझे प्याला पी लेने दो,
यारो मुझे जरा जी लेने दो। 17

यारों मुझे जरा जी लेने दो,
जी लेने दो जी लेने दो। 18

पीता हूँ तो पी लेने दो,
जीता हूँ तो जी लेने दो। 19

एक हसीना आई मुझसे नजर मिलाई,
जरा मुसकुराई मुस्कुराकर दे गई जुदाई। 10

मेरे साथ छोड़कर गई मेरी तन्हाई,
वह लौटकर अभी तक नहीं आई। 11

मैं तन्हा जीता जी लेने दो,
जी लेने दो जी लेने दो। 12

→ 6 → उमाशंकर
07-9-21

रम में मेरा गम मिटे नहीं,
अब दूसरी कोई हसीना जमें नहीं। 13

आशिक समझ लोग मुझसे नफरत करें,
और मुझपर टीका टिप्पणी करें। 14

टूटे दिल का सहारा कोई नहीं,
जलील हुआ तो आँखें सोई नहीं। 15

देशी पीता हूँ पी लेने दो,
यारो मुझे प्याला पी लेने दो। 16

पीता हूँ तो पी लेने दो,
पी लेने दो पी लेने दो। 17

यार की गद्दारी, बेवफा की बेवफाई,
ऊपर से इस जग में तनहाई। 18

अँदर से तोड़ तोड़कर रख दिया,
पिया था उसका नशा भी गया। 19

नशा भी बेवफा थोड़ी देर रहा,
थोड़ा सा गम भुलाया चला गया। 20

अब तन्हाई में जीता हूँ यारो,
रब तुमको भी गम देगा गद्दारो। 21

मैं तन्हा जीता जी लेने दो,
जी लेने दो जी लेने दो। 22

टूटे दिल जीता जी लेने दो,
गम भुलाने पीता पी लेने दो। 23

यारो मुझे जरा जी लेने दो,
जी लेने दो जी लेने दो। 24.

6. अमरसिंह
07.9.21

# पंचशील

रावण की बल बुद्धि संपत्ति सिद्धि बनीं काल।
अस्तेय छोड़ा तो उसको नहीं बचा पाये महाकाल ॥ 1
सत्य ब्रह्मचर्य थे राम और लक्ष्मन के पास।
बहुत बड़ी सेनावाले रावण और मैघनाँद हुए परास्त ॥ 2
अपरिग्रह की दौलत होती है फकीरों के पास।
महाराजा भी छूना चाहते जिन फकीरों के लात ॥ 3
अहिंसा से गाँधी ने जीता अँग्रेजों का बल।
उनकी रक्तहीन क्रांति से अँग्रेज हुए थे निर्बल ॥ 4
बहुत दर्द सहे शहीदों ने स्वाधीनता के लिये।
कुछ कष्ट सहें आप भावी भारत के लिये ॥ 5
मत बेंचो अपना ईमान थोड़ी मजा के लिए।
वरना खो दोगे अपना हिंदुस्तान सदा के लिए ॥ 6
पाँच रोटी में पेट भर जाता हर किसी का।
पंचशील ही है सरल साधन परम खुशी का ॥ 7
जो हुआ नँगा उसे नहीं डर किसी का।
जिसने छोड़ा अपना घर जहाँ घर उसी का ॥ 8
इनको लेना एक ना देना दो किसी का।
सत्य इनका रथ भला सोचें हर किसी का ॥ 9
बड़े बड़े नेता चाहें आशीष आचार्य श्री का।
राजाओं से भी बड़ा बनाये पालन पंचशील का ॥ 10
सब जानते जैन आचार्य बड़े हुए महाराज से।
अपना भला चाहें तो मानें पंचशील आज से ॥ 11
पंचशील के पालन से मानुष बन जाये महावीर।
राम कृष्ण भगवान हुए हनुमत हो गये महावीर ॥ 12

8

उमाशंकर
23.9.2021

# गलतफहमी



मैंने ना किसी को दिल दिया ना किसी का दिल लिया।
फिर भी कुछ बुद्धू लोगों ने मुझे किसी का आशिक समझ लिया॥ 1
मैंने ना किसी को तारीख दिया ना किसी के गले लिया।
अनजाने में किसी का दिल टूटा तो मुझे आशिक बना दिया॥ 2
कुछ रंगीन लोगों ने मुझ पर नाली का कीचड़ उछाल दिया।
शुक्र खुदा का रंगीनों के साथ मुझे रंगीन ना होने दिया॥ 3
जग नजर से गिरे तो अपमान हो जाता है अपनी परछाई।
लोग साथ रहते हुए भी रहते हैं उस साथ में तनहाई॥ 4
मैं मधु नहीं पीता तो चाय में ही नशा मिला दिया।
मैं होश में साथ ना सोता बेहोशी में साथ सुला लिया॥ 5
उनको कोई शूद्र ना कहे मुझ पर उल्टा हवा उड़ा दिया।
रंगीनो की चाल एक ने मुझे मौत मोड़ में ला दिया॥ 6
अपनों से धोखा मानो अपनी सोती माँ से बलात्कार कर लिया।
रंगीनों ने द्वेषवश मेरे रंगीन होने की खूब उड़ा बयार दिया॥ 7
शूद्र मानुष वह है जिसने चोरी छिनारी धोखा का कार्य किया।
चोरी का वर्गीकरण दाम काम नजर नकल चोर में कर दिया॥ 8
चोर तो चोर है कामचोर भी शूद्र श्रेणी में आ गया।
कुछ लोगों ने तो कामचोरों को हरामी बेइमान भी कह दिया॥ 9
कलयुग इस काल में शूद्रों ने शूद्रों को वाहवाही दे दिया।
शरीफ खिलाफ एक ने रपट लिखाई दो ने गवाही दे दिया॥ 10
प्रजातंत्र में चलती बहुमत की बात यह शूद्रों ने जान लिया।
शरीफ समाज कान का कच्चा भोंदू होता शूद्रों ने जान लिया॥ 11
अपनी कर्मजाति शूद्र लिखने में सभी शूद्रों को शर्म आती है।
कर्म आधारित वर्ण होते हैं हमारे भारत में यह परिपाटी है॥ 12
चोरी छिनारी धोखाधड़ी शूद्र कर्म कहे जायें हमारे देश में।
रावण ब्राह्मण ने शूद्र काम किया एक साधू के वेश में॥ 13

॥

उमाशंकर
06.9.2021

# रानी अवंतीबाई



महाकौशल में बड़ी उथल पुथल हुई गोरों के शासन में।
रानी अवन्तीबाई ने क्रांति की अठरह सौ सत्तावन में ॥ 1
रामगढ़ मण्डला की रानी अवंतीबाई थी भारत की शान।
राज्य की रक्षा के खातिर जिसने दे दी अपनी जान ॥ 2
आन मान शान के लिए उन्होंने उठा लिया अपनी तलवार।
साधन कम थे सैनिक कम थे पर हिम्मत थी अपार ॥ 3
जब तक बल था तब तक रणभूमि में खून बहाया।
न्याय के खातिर संघर्ष किया पर अपना सिर ना झुकाया ॥ 4
जब आन पड़ी अस्मत पर खुद को कर लिया कुर्बान।
कभी आँच नहीं आने दिया बचा लिया अपना आत्म सम्मान ॥ 5
उन्होने अपना सब त्याग दिया मिट्टी व मान के खातिर।
चूहे कुछ भी त्याग नहीं करते चूहे बहुत हैं शातिर ॥ 6
संधी संभव थी राज्य की आवाम के खून पसीने से।
दासता नहीं स्वीकारी गोरों की कटार लगाली अपने सीने से ॥ 7
लोधियों की आदर्श बनीं स्वाभिमान से सिर उठाकर जीने की।
सच्चे लोधी ईमान की खाते रोटी अपने खून पसीने की ॥ 8
लोधियो ने सीखा संघर्ष आदर्श माना अवंती बाई रानी को।
गलत के सामने नहीं झुकेंगे कुर्बान करेंगे अपनी जिंदगानी को ॥ 9
यहाँ वीर गति मिलती वीरों को जिनका खून वीर होता।
चूहा सम जीते जो उनकी काया खून नहीं नीर होता ॥ 10

---

मनकेड़ी जिला सिवनी के जमींदार राव जुझार सिंह का घर।
सोलह अगस्त अठरह सौ इकत्तीस अवंती बाई का जन्म जिधर ॥ 11
रामगढ़ जिला मण्डला अब डिण्डौरी के राजा थे लक्ष्मण सिंह।
अठारह सौ पचपन में दुर्घटना में मरे पति विक्रमादित्य सिंह ॥ 12

10 →2

उमाशंकर
13.8.2021

रानी के दो पुत्र हुए थे अमान सिंह शेर सिंह ।
गोरा अधिकारी वाडिंगटन से युद्ध किया वीर संरक्षिका अमान सिंह ॥13
कुछ राजा साथ दे रहे थे गोरों की सेना का ।
अंतिम साँस लिया रानी ने देवगढ़ पहाड़ जिला मण्डला का ॥14
अब चूहे बिल से बाहर आकर कहते लोधी लोग हमारे गुलाम ।
मूल चापलूस लोधियों की जो चूहों को दिनभर करते हैं सलाम ॥15
कुछ चूहों ने चीथ चीथकर प्रजातंत्र को कर दिया खोखला ।
लोधी वही लिखे जिसके सीने में लड़ने का हो हौसला ॥ 16

10

उमराव सिंह
13.8.2021

# जननी



आपने मानव या दानव को जन्म दिया पूछो अब जननी से ।
आपने नौ माह कष्ट सहा समाज सहेगा कितना आपकी करनी से ॥ 1

क्या आपका लाल सुखेन वैद्य बनकर जीवन देगा मरने वालों को ।
या आपका लाल पीपल बनकर तोड़ेगा निर्दोष घर की दीवालों को ॥ 2

हे जननी क्या आपका बेटा बनकर काँटा कष्ट करेगा राहगीरों को ।
या आपका बेटा बीर बनकर बंद करेगा जन पर अत्याचारों को ॥ 3

हे जननी क्या आपका लाल होगा हीरो जनतंत्र की रक्षा करने वाला ।
या जीवन जियेगा जियेगा दास बनकर शाह के आगे पीछे दुम डुलानेवाला ॥ 4

क्या आपका लाल प्यार करेगा केवल अपनी घर की सजनी से ।
या कौरव को कलंकित करेगा भ्रष्टाचार व व्यभिचार कर किसी जननी से ॥ 5

क्या आपकी सँतान इंसान के साथ इंसाफ करेगी या बनेगी काफिर ।
या मानव बनकर दानव का अँत करेगी या खुद बनेगी शातिर ॥ 6

हे जननी क्या आपकी सँतान सुख त्याग करेगी मानवता के खातिर ।
या दीन का शोषण सीमाहीन सब काम करेगी दानवता के खातिर ॥ 7

हे जननी कहीं आपकी सँतान बिगड़ ना जाये आपकी गलती से ।
आपकी गलती से कहीं मानवता मिट ना जाये हमारी धरती से ॥ 8

जानो जननी जन क्यों मुँह मोड़ रहा 'जन की जननी से ।
जागो जननी निर्दोष नीर ना निकालें कुल कपूत की करनी से ॥ 9

हे जननी आप युग परिवर्तन की क्षमता रखती हैं जग में ।
आपके पूत अन्याय खिलाफ लड़ें हिम्मत भर दो सब में ॥ 10

हे जननी आपकी संतान न बिगड़ेगी अगर सतपथ पर मोड़ दोगी ।
दीगर से कैसे बोलोगी अगर खुद ही मर्यादा को तोड़ दोगी ॥ 11

मानुष भिन्न है पशु से केवल पूँछ नहीं होने के कारण ।
मानव भिन्न है दानव से केवल मर्यादा में होने के कारण ॥ 12

॥

उमाशंकर
5.9.2021

# असली शूद्र 6

चोरी छिनारी धोखाधड़ी शूद्र कर्म कहायें।
शूद्र कर्म करनेवाले शूद्र बन जायें॥ 1
चोरी भी कई प्रकार की आये।
दाम काम नकल नजर चोरी आये॥ 2
घूस कमीशन नियमों से धोखाधड़ी आये।
काम करने का नौकर वेतन पाये॥ 3
वेतन से बाहर का जो खाये।
वह खाऊ खुद शूद्र बन जाये॥ 4
लोहा का काम करनेवाला लोहार आये।
सोने का काम करनेवाला सोनार कहाये॥ 5
झूठ बोलने को धोखा माना जाये।
झूठ बोलनेवाला भी एक शूद्र आये॥ 6
कोई जाति या संप्रदाय शूद्र नाये।
शूद्र कर्म करे वही शूद्र आये॥ 7
पढ़ाई कला में स्नातक कला कहाये।
जो व्यक्ति पढ़े वही उपाधि पाये॥ 8
बाप पढ़े लड़का उपाधि नहीं पाये।
बाप ही कला स्नातक कहा जाये॥ 9
विज्ञान पढ़े तो विज्ञान स्नातक कहाये।
विज्ञान पढ़े कला स्नातक गलत आये॥ 10
असली शूद्र तो कोई और आयें।
रुतवा से अपनी शूद्रता को दबायें॥ 11

3 आईकार → 2
04.04.2022

केवल वही हाथ ही जल पाये।
जो हाथ आग को हाथ लगाये ।। 12
जले हाथ को जला कहा जाये।
बिना जले को जला गलत आये ।। 13
जो हत्या करे वही जेल जाये।
हत्या करनेवाले को हत्यारा कहा जाये ।। 14
हत्यारा का लड़का हत्यारा नहीं आये।
शूद्र का लड़का क्यों शूद्र कहाये ।।? 15
मेरी समझ में यही नहीं आये।
निर्दोष को सजा क्यों दी जाये ।।? 16
अपराधी समाज में गलत करते आये।
इसलिए उनको जेल में रखा जाये ।। 17
कुछ लोग कहें शूद्र संतान आये।
इसलिये शूद्र की संतति शूद्र कहाये ।। 18
मेरा विचार पढ़ो आप ध्यान लगाये।
जो परीक्षा दे वही उपाधि पाये ।। 19
बिना परीक्षा उपाधि नहीं मिलती आये।
शूद्र वर्ण एक उपाधि ही कहाये ।। 20
निर्दोष को शूद्र नहीं कहा जाये।
देखो असली शूद्र कोई और आये ।। 21
जो शूद्र कर्म करे शूद्र कहाये।
सत्ता संगठन के बल रहे छिपाये ।। 22
मानुष से शूद्र नहीं सुनेंगे प्यारे।
रब से कभी नहीं बचेंगे प्यारे ।। 23

→

उमाशंकर
04.5.22

असली शूद्रों को सब कोई जाने।
दफ्तर में काम कर रहे मनमाने ॥ 24
कामचोरी भी एक चोरी कही जाये।
कामचोर को भी शूद्र कहा जाये ॥ 25
घूसखोर भी नियम विरुद्ध घूस खाये।
घूसखोर को असली शूद्र कहा जाये ॥ 26
कमीशन कुछ का बनता सरकारी काम।
कमीशन खाना भी घूस का काम ॥ 27
हराम का जो खाये हरामी कहाये।
हरामी का शब्दकोष अर्थ नीच आये ॥ 28
सरकारी तंत्र में नीच घुस आये।
नीच राज करें पाप बढ़ जायें ॥ 29
प्रजातंत्र में प्रजा ने पापी बढ़ाये।
कोनो काम पड़े तब समझ आवे ॥ 30
पापी का पर्याय नीच भी आये।
शूद्र का पर्याय भी नीच आये ॥ 31
नीच को नीच नहीं बोलने पाये।
बोले तो तुरंत लड़ाई हो जाये ॥ 32
कुभाषि ही समझो देश का अपने।
फिरंगी भगा न्याय के देखे सपने ॥ 33
समाज में जो पाया दिया बताये।
मेरी किसी से लड़ाई नहीं आये ॥ 34
वही करें जो आप समझ आये।
जो शूद्र कर्म करे शूद्र कहाये ॥ 35

→ अम्बेडकर
04.4.22

चोरी छिनारी धोखाधड़ी शूद्र काम कहाये।
असली शूद्रों की पहचान की जाये॥ 36
कवि आपको बताये सब सही सही।
शूद्र काम करनेवाला असली शूद्र यही॥ 37
शूद्र का आदर शूद्रता को बढ़ाये।
शूद्रता बढ़नेवाला समाज का गद्दार आये॥ 38
गद्दारों को देश में जो बढ़ाये।
वह भी देश का गद्दार कहाये॥ 39
खुद अहसास करो भारत के बंदे।
कोई करवाता या करते काम गंदे॥ 40
घूसखोर से अच्छा तो है सफाईकर्मी।
मेहनत की खाता नहीं है अधर्मी॥ 41
सफाईकर्मी भी अच्छा समाज सेवक है।
मानव सेवा ही माधव सेवा है॥ 42
हर जिलाध्यक्ष भी है एक जन सेवक।
जो सेवा करे बन जाये सेवक॥ 43
अच्छी शिक्षा किस्मत से पाये पद।
सबके अपने अधिकार सबकी अपनी हद॥ 44
सेवा भी स्वर्ग का एक साधन।
हर सफाईकर्मी को भी दो अपनापन॥ 45
नीच मानुष नहीं कर्म नीच होते।
सभी मानुष पेट में विष्ठा ढोते॥ 46
आत्मा नीच होती काम कराती खोटे।
विभीषण थे रावण के भाई छोटे॥ 47
रावण एक नमूना ओछे काम का।
रावण शूद्र हुआ बैरी राम का॥ 48

कुछ सवर्ण भी करते शूद्र काम।
मुँह से भजते हैं राम राम ॥ 49
कुछ ब्राह्मण धरा में जिंदा देव।
कभी कभार मिलते बिरले खोज लेव ॥ 50
कवि आपको बतायें बिल्कुल सही सही।
शूद्र कर्म करे असली शूद्र वही ॥ 51

6

उमाशंकर
04.04.2022

# सजा बिना खता

काश कोई पूछता कोई बताता मेरी खता।
मुझे नहीं पता लोग क्यों हैं खफा ॥ 1
इस जहाँ में मानुष मानुष को सताता।
सभी एक जाति के उनको नहीं पता ॥ 2
जादू टोना का असर मुझे ना पता।
मैं क्यों गुनहगार कोई बता ना सका ॥ 3
आवाज उठाया था न्याय के खातिर यहाँ।
खुद के लिये न्याय पा ना सका ॥ 4
मानुष को मानुष मान ना सके यहाँ।
कहते हैं सारे जहाँ से अच्छा हिंदुस्ताँ ॥ 5
जिसका हित किया उसी ने दिया दगा।
अपने ही दे रहे सजा बिना खता ॥ 6
जो जुल्मी वही निर्दोष को देते सजा।
बहुत निर्दोष पाते हैं सजा बिना खता ॥ 7
लोगों ने सुन लिया मेरी खता।
सोच ना सके सही गलत है खता ॥ 8
औरों के शातिर दिमाग से चलते बेवफा।
अब बेवफा दे रहे निर्दोषों को सजा ॥ 9
मैं क्यों हूँ गुनहगार मुझे नहीं पता।
काश कोई पूछता कोई बताता मेरी खता ॥ 10

उमाशंकर
11.11.2021

# नजर

मेरी नजर ले ली आपने दिल भी तुम्हारा हुआ।
पलटकर कभी ना देखा आपने क्या हाल हमारा हुआ॥ 1
सदा खुश दिलदार था मैं अब बेदिल बेचारा हुआ।
मेरी खुशी भी गई और खुशियों से किनारा हुआ॥ 2
दिल होता तो दर्द होता दर्द कहाँ मैं करता।
बेनसीब बेदिल ना जी पाता हूँ मैं ना मरता॥ 3
खत लिखकर मेरी खता हुई आपकी खता छिपाने की।
किसी मे दम ना हुई आपका पता बताने की॥ 4
खता नजर मिलाने की हुई सजा दिल गँवाने की।
बेकसूर होते हुए भी हुई कीर्ति गये जमाने की॥ 5
ना आप हमारे हो सके दूसरे किनारे हो गये।
आप गये दिल भी गया हम बेचारे हो गये॥ 6
आपके कारण मैं रह गया एकल इस जहाँ में।
आप मिल ना पाये खूब खोजा यहाँ वहाँ मैं॥ 7
दुआ करता रब से आप सदा खुश रहा करें।
बसार से ही मेरे बारे में कुछ कहा करें॥ 8
आपसे मिलना तो दुस्तर हुआ बेकार हुआ सब संसार।
खुदा करे किसी से नजर ना मिले दूसरी बार॥ 9

9

उमाशंकर
17.7.2019

आँसुओं ने भी खोजा आँहों ने भी खोजा आपको।
आपके नगर की सभी राहों में खोजा आपको॥ 10
दिन रात पूरी कोशिश आपको पाने की हुई।
थक गया तो अपने नशीब पर पछताने की हुई॥ 11
आपसे नजर क्या मिली एक महा कसूर हो गया।
अब नींद सुख चैन जीवन से दूर हो गया॥ 12

9

उमाशंकर
4.5.2020

# पेड़ लगाओ

6

तालाब खोदो बनाओ और पुण्य कमाओ।
पेड़ लगाओ फल खाओ पर्यावरण बचाओ॥ 1
तालाब कुआँ बावली पूरो पाप कमाओ।
मूर्ति विसर्जन करना तो कुण्ड बनाओ॥ 2
बरगद का पेड़ एक हजारों फल।
सहस्त्र पक्षी पेट भरते खाकर फल॥ 3
पेड़ के नीचे अपना गुजारा करते।
अधिकांश जीवन कटता जिनका चलते फिरते॥ 4
थोड़ी मेहनत लगती पेड़ लगाने में।
बड़ी मजा आती फल खाने में॥ 5
वातावरण को शुद्ध करते पेड़ प्यारे।
हमसे ज्यादा शुभचिंतक पेड़ हमारे॥ 6
कार्बन डाई आक्साइड वातावरण से लेते।
बदले में वातावरण को आक्सीजन देते॥ 7
वाष्पोत्सर्जन से वातावरण को ठण्डा करते।
हरियाली सुकून देती धरावरण सुंदर करते॥ 8
रंग बिरंगे फूल कीट आकर्षित करते।
प्यारे पेड़ कीटों को भी पालते॥ 9
हवा को रोककर बरसाते पानी को।
बगीचा में लौटाते हमारी वाणी को॥ 10
तूफान का भी वेग कम करते।
जड़ो से मृदा क्षरण कम करते॥ 11

→2

6

3भारबंध2
7.7.22

कार्बन डाई ऑक्साइड का भार अधिक।
इस गैस का आयतन भी अधिक॥ 12
तुलना आक्सीजन के भार आयतन की।
कार्बन डाई आक्साइड साथ वर्षा आती॥ 13
पेड़ कार्बन डाई आक्साइड ग्रहण करते।
आकाश में कुछ खाली जगह बनाते॥ 14
खाली जगह में बादल आ जाते।
भारी बादल हमारे लिए पानी बर्षाते॥ 15
कार्बन डाई आक्साइड सोख गर्मी घटाते।
फोटोन सोख वायुमण्डल का ताप घटाते॥ 16
सभी जीवों के लिए भोजन बनाते।
हमें जीवनवायु देते हमारे मित्र कहलाते॥ 17

———

उमाशंकर
07.7.22

# नमस्ते



नमस्ते करने पर हर नर सुरक्षित हो जाता है।
हाथ मिलाकर हाय किया तो रोग हो जाता है॥ 1
छुआछूत सामाजिक श्राप है इसे समाज से मिटाना है।
संक्रामक बीमारियों से भी हमें अपने को बचाना है॥ 2
न छुआछूत मानना ना किसी से हाथ मिलाना है।
सभी रब की संतति हमें सबसे भाईचारा निभाना है॥ 3
कोई उँगली से छींटन निकाले कोई मीचे अपनी आँख।
कोई उँगली से खिरचा करे बिना धोय मिलाये हाथ॥ 4
प्रेम से बोलो नमस्ते साब प्रेम को रखना साथ।
हाथ मारने के लिए भी उठते नहीं मिलाना हाथ॥ 5
अभिवादन तो पास या दूर से हो जाता है।
एक मुस्कान से मुँह में अपनापन दिख जाता है॥ 6
खुशी हाथ में नहीं वह होती है मुस्कान में।
खुशी खुश देखने से मिले सुनत खुशखबर कान में॥ 7
किसी को भाई कहकर संतोष होता दोनों को।
जब भाईचारा बनता अनजाने में भूल जाते अपनों को॥ 8
मन मिलना चाहिए हाथ मिलाने से कुछ नहीं होता।
मानव की जाति में छुआछूत का स्थान नहीं होता॥ 9
सिर में पुण्य संचित होते, पैर में होते पाप।
कुछ मनीषियों के सिर आभा मण्डल देखते हैं आप॥ 10
हाथ पैर छूने से तरह तरह की फैलती बीमारी।
पैर छूना हाथ मिलाना से दूर रहें नर नारी॥ 11
हाथ जोड़ सिर झुका नमस्ते करने की संस्कृति हमारी।
जो जानते नहीं उनको बताना हमारी बनती जवाबदारी॥ 12
जबसे जाने तबसे माने एक कहावत है समाज में।
अब सब नमस्ते करने की आदत लायें रिवाज में॥ 13

उमाशंकर 02-6-2022

# प्रणामाँजली

माता पिता के अलावा पैर पूजा बंद करें।
समाज में संस्कार पालें प्रणामाँजली के आनंद करें॥ 1
पूरे पुण्य मानव के सिर में संचित होते हैं।
पुण्य के विलाम पाप पाद बसें काया ढोते॥ 2
प्रमाण ले लें औरा का जो सिर में बनता।
कटि ऊपर सातों चक्र ऊर्जा के जानें जनता॥ 3
बाबा सर पर हाथ रखकर पुण्य ना लें।
लोग सर ढककर मंदिर में प्रणाम सदा करते॥ 4
बाबा पाप के सामने किसी बंदे को झुकाकर।
भेजते अपने पाप पैर छूनेवाले बंदे के सर पर॥ 5
पाप पहुँचते पैर से आपके पास छूने पर।
पुण्य आपके चले जाते आपका सर छूने पर॥ 6
अपने हाथ लपेट पल्लू महिलायें पैर छूती थीं।
समझदार महिलायें काफी दूर से पैर पड़ती थीं॥ 7
कमजोर काया संतान पालना महिलाओं की थी मजबूरी।
देवी देवता समान तो क्यों नहीं नर नारी॥ 8
अपने चरणों पर नारी को जो झुकायें नर।
वह कर रहा है घोर अन्याय महिला पर॥ 9
अतीत में महिलायें पुरुषों को प्रणाम करती थीं।
पतिव्रत धर्म के खातिर आग में जलती थीं॥ 10
मन कंपन की भावना पढ़ लेता है खुदा।
पैर पड़ना पीड़ित की सेवा करना है जुदा॥ 11

उमाशंकर
06-06-2022

8 → 2

समाज को एक कम सौ प्रतिशत देती नारी ।
इसके बाद भी वह चरणदासी बनी है बेचारी ।। 12
सेना सुरक्षा करती आपकी क्या छूते चरण आप ।
क्या मानव समाज को दूध पिलाना है अपराध ।। 13
दूध पिलानेवालीं जरावस्था में प्याला पानी को तरसें ।
भोजन भी ना मिले खाने नयन नीर बरसें ।। 14
बहुत उपदेश सुने आत्मा होती हर प्राणी में ।
नारी भी प्राणी आत्मा होती हर नारी में ।। 15
किसी की आत्मा को अपने चरणों से रोंदो ।
कौन सा धर्म कहता समाज को बता दो ।। 16
आत्मा परमात्मा का अँश होती कहते उपदेश में ।
अबलाओं में आत्मा फिरभी चरणदासी हमारे देश में ।। 17
गाय से भी निम्न हालत है महिलाओं की ।
महिलाओं को चरणदासी बनाये पूजा करते गायों की ।। 18
अबला अब बनें सबला पैर पूजा करें बंद ।
प्रणामाँजली का पालन करें जीवन भर पायें आनंद ।। 19

8

उमाशंकर
06.6.2022

# परमानंद



6

संभोग आनंद समाधि परमानंद देती है।
संभोग पर पर निर्भर होती है॥ 1
आनंद में पत्नी वीरस लेती है।
अकेले में समाधि परमानंद देती है॥ 2
आत्मा परमात्मा में जितना अंतर है।
आनंद परमानंद में उतना अंतर है॥ 3
परमानंद छोड़ आनंद में लग जाते।
नासमझ नागरिक बड़ा छोड़ छोटा पाते॥ 4
प्रज्ञावान इंसान आनंद तज परमानंद पाते।
प्रज्ञाहीन जन सहवास में आनंद पाते॥ 5
जग में बिना लागत मिलता परमानंद।
जिसको नही पाते अकल के कंद॥ 6
ध्यान लगाकर खुद में होजा लीन।
महात्मा बन जावेगा नहीं रहेगा हीन॥ 7
कपड़ों से मानुष महात्मा नहीं होता।
कपड़ों से समाज खाता है धोखा॥ 8
खुदा दिशा दिखायेगा ध्यान लगाकर देख।
रब मदद करेगा काज करिये नेक॥ 9
काया माया का अहं मर्दन कर।
तब पार हो पायेगा यहाँ भवसागर॥ 10
जग में अपने अपनों को लूटे।
समाधि से जाति पाति बंधन टूटे॥ 11
ओशो बोले अब छोड़ो संभोग को।
थोड़ा जीवन समाधि का भोग लो॥ 12
दो नाव पर साथ चलनेवाला नर।
बह जाता है दरिया की धार॥ 13

उमाशंकर
18-5-2021

# अस्तेय

कोई रहे ना रहे यह सच सदा रहेगा।
पापी मानुष को मारना पुण्य देश सदा कहेगा॥ 1
भारत रहेगा ऋणी न्याय का साथ दो भारतियो।
वेश पंथ से बाहर निकलो न्याय के सारथियो॥2
न्याय करोगे सबके साथ पुण्य आत्मा से जोड़ोगे।
संसय नहीं आज नहीं तो कल फल भोगोगे॥ 3
रावण की बल बुद्धि धन सिद्धि बनी काल।
अस्तेय छोड़ा तो उसे नहीं बचा पाये महाकाल॥ 4
रावण के एक लाख पूत सवा लाख नाती।
एक भी नहीं बचा था धरने दियर बाती॥ 5
दर्द से फट रही है इंसानों की छाती।
फिर आयें श्रीराम इंतजार करती भारत की माटी॥6
दूसरे की वस्तु की इच्छा छोड़ना ही अस्तेय।
मन इंद्रियों के पूर्ण नियंत्रण से आये अस्तेय॥ 7
अस्तेय पंचशील नियमों में से एक नियम आये।
यह नियम ईमान का पर्याय ही कहा जाये॥ 8
ईमान है त्याग का पर्याय सब जानते हैं।
त्याग का पर्याय कुर्बानी शब्दकोश ऐसा कहते हैं॥ 9
कुर्बानी खुदा को प्यारी ऐसा लोग मानते हैं।
ईमानदार दूसरे की वस्तु को धूल मानते हैं॥ 10

उमाशंकर
03-03-2021

# प्रार्थना

माँ मन पावन रहें हमारे रिस्ते रहें पावन।
सदा सीना सीधा रहे हमारें निर्दोष रहें जीवन॥ 1
पुरखे पीड़ियाँ नाज करें हम काज ऐसे करें।
सारे संसार में हमारे सर सदा ऊँचे रहें॥ 2
हम प्यार से रहें मर्यादा कभी ना जाये।
माँ रोज रुपिया आये ताना कभी ना आये॥ 3
चरित्र हमारी पूँजी रहे विकास पथ खुला रहे।
विवाद के बाद सदा हमारे बीच सुलह रहे॥ 4
एक दूजे के सहयोगी कभी ना बनें भोगी।
माँ पशु नहीं बनें दया करें बनें योगी॥ 5
कोई दुखी ना हो कभी हमारे व्यवहार से।
कड़ुआ कभी ना बोलें बात करें प्यार से॥ 6
माँ दुष्टों से बचायें सदा बचायें जादूगर से।
माँ कलंकों से बचायें निर्दोष जायें संसार से॥ 7
जब तक जग में जीवन सदा प्यार रहे।
सभी से प्यार रहे कभी ना तकरार रहे॥ 8
ना डरें कभी किसी से चाहे समर रहे।
धर्मपथ सदा चलते रहें चाहे कठिन डगर रहे॥ 9
सदा न्याय नीति नेक नियत हम चलते रहें।
माँ शक्ति दें अधर्मियों को सदा कुचलते रहें॥ 10
माँ आपकी दया हम पर सदा बनी रहे।
अमन चैन से रहें कभी ना ठनी रहे॥ 11

8

उआर्दांकार
02-02-2021

# मॉसाब

मॉसाब एक शब्द बना है दो शब्दों को मिलाकर।
माँ और साहब साहब को साब कहते दे आदर ॥ 1
शिक्षक शोषक होने लगे जो माँ समान रहते हैं।
आदर से पाठशाला में शिक्षक को मॉसाब कहते हैं॥ 2
मॉसाब ही दरिंदा हो जाये तो दोष किसका है।
जिसने दरिंदा को जन्म दे पाला दोष उसका है॥ 3
शूद्र कर्म करते सबने सैकड़ों सवर्णों को सुने हैं।
उनको शूद्र नहीं कहते क्योंकि सवर्णों के अपने हैं॥4
जग है कर्म प्रधान समाज शूद्रता को बढ़ा रहा।
देश में शूद्र शिक्षक भी शिक्षार्थियों को पढ़ा रहा॥5
पाठशाला का प्रमाण पत्र है सबके लिए एक समान।
सच कहने से डरते यह है स्वाधीनता का अपमान॥ 6
पहले विश्लेषण फिर करें यकीन जमाना बहुत होशियार है।
शूद्र को शूद्र नहीं कहा तो स्वाधीनता बेकार है॥ 7
शूद्र हो जाता है चोरी छिनारी धोखाधड़ी करनेवाला शैतान।
धन्य हो जाती माँ जो जनती जग में इंसान॥ 8
आत्मा शुद्ध होती खून किसी का शूद्र नहीं होता।
अन्यथा विभीषण कभी भी रावण का विरोधी नहीं होता॥9
कोई जाति शूद्र नहीं होती कर्म प्रधान जहान है।
कर्म पर उपाधि देता सबको सनातन धर्म महान है॥ 10
मॉसाब खुश होते अपने शिष्यों को शुरा पढ़ाने पर।
विद्यार्थी खुश होते पढ़ा हुआ समझ में आने पर॥ 11
माँ समान शुभ चिंतक होना चाहिए मॉसाब जमाने में।
अच्छा माँसाब वही जिसको अच्छा मजा आये पढ़ाने में॥12

9

उमाशंकर
04-07-2022

# ईशस्मरण

कुछ लोगों ने मुझे खूब सताया बेकसूर होने पर।
फिर लोगों ने ठहाके खूब लगाया मेरे रोने पर ॥ 1
मैं दिन में भी खुशहाल रहता था सोने पर।
मैंने नफरत नहीं पाला दिल के किसी कोने पर ॥ 2
नासमझ थे वे समझ ना पाये पीछे कौन है।
कलयुग का तटस्थ काल है इसलिए बाकी मौन हैं ॥ 3
जंतर मंतर का खेल हवा से जैसा चलता है।
ठण्डा दिखा मदारी जैसा बंदर नचाता वैसा नचता है ॥ 4
यदा कदा शैतान हावी हो जाता किसी इंसान पर।
जैसा मेघनाद ने नागपाश से वार किया हनुमान पर ॥ 5
मर्यादा होती मंत्र की आत्मा मानने को मजबूर होती।
